Frontier Springs Ltd.

REGD. OFFICE & FACTORY : KM 25/4, KALPI ROAD, RANIA, KANPUR DEHAT - 209 304 U.P. (INDIA)
Tele Office : +91-5111-240212, 240213 • Fax : +91-5111-240214
CORPORATE OFFICE : E-14, PANKI INDUSTRIAL AREA, SITE-I, KANPUR - 208 022 U.P. (INDIA)
Tel. No. : 0512-2691207, 2691208
e-mail : info@frontiersprings.co.in • Website : http://www.frontiersprings.co.in
CIN No. : L17119UP1981PLC005212

January 20, 2020

To
Bombay Stock Exchange Limited
Department of Corporate Affairs
Floor 25, PJ Towers, Dalal Street
Mumbai-400001
Script Code: 522195

Subject: Submission of newspaper notice for the Board Meeting to consider Un-Audited Financial Results for the quarter ended December 31, 2019

Dear Sir/Madam

Pursuant to Regulation 30(1) of the SEBI(Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015, please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement published on 18.01.2020 in Business Standard & Rashtriya Sahara pursuant to Regulation 47 of the SEBI(Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015 in relation to the Meeting of Board of Directors of the Company to be held on Saturday ,February 08,2020 at 12:30 pm to, *interalia,* consider, approve and take on record Un-Audited Financial Results for the quarter ended December 31,2019.

Kindly take this on record and oblige.

Thanking You
For Frontier Springs Limited

DBhasin
Dhruv Bhasin
(Company Secretary & Compliance Officer)

M/s. FRONTIER SPRINGS LTD.
KM 25/4
Kalpi Road
Rania
Kanpur Dehat-209304

Encl's: As above

SERVING THE NATION SINCE 1980

Over 100 billionaires to attend Davos

India's contingent of 19 attendees is second to the US, which has 33 heading to the World Economic Forum

BLOOMBERG
17 January

As the gulf between the rich and everyone else continues to grow, at least 119 billionaires are converging on Switzerland next week to join bankers, politicians and other grandees for their annual pilgrimage to the Alps.

The elite group, worth about $500 billion, includes regulars like Bridgewater Associates LP founder Ray Dalio, Blackstone Group Chairman Steve Schwarzman and JPMorgan Chase & Co Chief Executive Officer Jamie Dimon. They appear on a guest list of more than 2,000 names, representing roughly 100 countries, for the World Economic Forum's annual meeting in Davos.

The event retains its enduring status as the premier networking hub for the world's wealthiest — with its attendant flock of private jets and $43 hot dogs — even as it faces increasing criticism for its exclusivity.

"I've been going since 1979," said Rahul Bajaj, who will be making his 40th appearance at the event. "It's grown a great deal since then but I continue to get a lot out of the meetings, the sessions, the surroundings."

It's no surprise he feels at home. He should be joined in Davos by at least 18 other Indian billionaires with a combined net worth of about $100 billion and business interests that include technology companies, steel mills and motorbike makers. Six are members of the Bloomberg Billionaires Index, a ranking of the world's 500 richest people.

For some, the gilded guest list seems at odds with the event's focus on creating fairer economies and remaking the world of work. This year's theme is "Stakeholders for a Cohesive and Sustainable World," and panels include "Balancing Domestic and Global Inequality" and "Breaking Legal Barriers to Equality." Last year, a panelist caused a sensation when he slammed attendees for ignoring tax avoidance by the rich.

RAHUL BAJAJ, Chairman, Bajaj Group

"I've been going since 1979. It's grown a great deal since then but I continue to get a lot out of the meetings, the sessions, the surroundings."

"I hear people talking the language of participation, justice, equality and transparency but almost no one raises the real issue of tax avoidance," Rutger Bregman, a Dutch historian, said at a talk on inequality.

Such attention hasn't dampened the meeting's widespread allure among the super-rich. Billionaires slated to attend hail from at least 36 countries with shipping tycoons from Greece set to mingle with Thai industrialists and Peruvian retailers.

India's contingent of 10-figure attendees is second only to the US, which has 33 heading to Davos, according to a *Bloomberg* analysis of a participant list. Russian tycoons are the third-best represented.

"The World Economic Forum in Davos is the only place of its kind where you can simultaneously meet heads of state, captains of global business and public opinion leaders," Russian mining magnate Alisher Usmanov, an occasional attendee, said in an email. "It is noteworthy that the forum has remained like this for half a century. This is a unique melting pot of ideas and opportunities."

Outside of the official participant list, there are always plenty of unofficial attendees and a long tradition of globetrotters jetting in under the radar. A longstanding quip at the ski resort is that the most important meetings are the ones you don't know about. This year's guest list dwarfs the single page that contained the names of 25 people from 12 countries for the forum's gathering in 1976.

BJP releases first list of 57 candidates for Delhi polls

PRESS TRUST OF INDIA
New Delhi, 17 January

The BJP on Friday released its first list of 57 candidates for the February 8 polls to the 70-member Delhi Assembly, fielding sitting MLA Vijender Gupta and former mayors Ravinder Gupta and Yogender Chandolia.

The list, which was released by Delhi BJP chief Manoj Tiwari, also included former AAP MLA Kapil Mishra and has 11 SC and four woman candidates.

The party, however, did not name its candidate against AAP leader and Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal on Friday with Tiwari saying the candidate from New Delhi seat will be announced soon.

Gupta will again fight from his Rohini seat, while Mishra will contest from Model Town.

Tiwari was joined by senior BJP leader Prakash Javadekar at the press conference where he announced the party candidates whose names were finalised at its central election committee meeting on Thursday night.

The ruling AAP has announced all its 70 candidates.

Delhi BJP State President Manoj Tiwari with Union Minister Prakash Javadekar during the release of BJP's first list for Delhi Assembly polls PHOTO: PTI

AROUND THE WORLD

China's GDP grew 6.1% in 2019, slowest in 3 decades

AFP/PTI
Beijing, 17 January

China's economy weakened to its slowest pace in three decades in 2019 as weaker domestic demand and trade tensions with the United States took their toll, official data showed Friday.

The world's second-largest economy grew by 6.1 per cent last year, its worst performance since 1990, according to the National Bureau of Statistics.

The figure matches an *AFP* analyst forecast and is within Beijing's official target of 6.0-6.5 per cent. But last year's growth was down from 6.6 per cent in 2018.

While China's economy had been gradually losing steam over the first three quarters, growth stabilised at 6 per cent in the last three months of 2019 — the same pace as in the third quarter, according to the NBS.

Chinese President Xi Jinping. Chinese economy was hit hard by the US tariffs as a result of the trade war between the two countries.

Ning Jizhe, commissioner of China's National Bureau of Statistics (NBS), said China's economy generally sustained a stable momentum of growth in 2019. "However, we should also be aware that the global economic and trade growth is slowing down," he said at a news conference.

Birth rate sank to lowest level on record last year

China's birthrate dropped to the lowest level since at least 1949 last year and the labour force continued to shrink, in the latest sign of slowing growth prospects for the world's second-largest economy.

The number of births per 1,000 people declined to 10.48, the lowest level on record according to National Bureau of Statistics data going back to when the Communist Party took power. China's working-age population — those aged 16 to 59 — declined by 890,000, the figures released Friday showed. The number of newborns in 2019 fell to 14.65 million, a decrease of 580,000 from the year before.

BLOOMBERG

Trump impeachment trial begins in Senate

The historic impeachment trial of Donald Trump opened on Friday in the US Senate, as lawmakers took a solemn oath to be "impartial" in deciding whether to force the 45th US president from office. For just the third time in American history, the hushed Senate chamber was transformed into a court of impeachment, presided over by Supreme Court Chief Justice John Roberts, who administered the oath to senators.

When Roberts, clad in a black robe, asked if they swore to deliver "impartial justice" according to the US Constitution, the 99 lawmakers present — one was absent — responded in unison, with right hands raised: "I do." Earlier in the day, in a deeply symbolic moment, the two articles of impeachment — charging Trump with abuse of power and obstruction of Congress — were read out on the Senate floor.

Adam Schiff, the chairman of the House Intelligence Committee who will serve as lead prosecutor for the trial, read the charges accusing Trump of "high crimes and misdemeanors." Trump has ridiculed the impeachment process for months, and he responded to the opening of the trial by branding it a "hoax." AFP/PTI

Russia begins making S-400 missile systems for India

PRESS TRUST OF INDIA
New Delhi, 17 January

Russia on Friday said it has started production of S-400 long-range surface-to-air missile systems for India and all the five units will be delivered by 2025.

Russian Deputy Chief of Mission Roman Babushkin also said that a contract will shortly be finalised for joint production of Kamov light weight multi-role military helicopters for India.

At a joint press conference with Russian Ambassador Nikolai Kudashev, he also said that Indian Armed forces will receive the first batch of 5,000 Kalashnikov rifles this year which will be produced in India under a joint venture. Babushkin said Russia and India have "successfully found solutions" to the payment issues and the focus this year will be to implement mega deals in the defence sector.

The supply of five S-400 air defence systems will be completed by 2025

"The supply of five S-400 air defence systems will be completed by 2025. Their production has already started," he said without elaborating.

In October 2018, India signed a $5 billion deal to buy the air defence missile systems notwithstanding warning from the Trump administration that going ahead with the contract may invite US sanctions.

Last year, India made the first tranche of payment of around $800 million to Russia for the missile systems.

Asserting that the S-400 air defence missile systems are among best in the world, he said they will significantly bolster India's air defence mechanism.

ऐसा पहली बार हो रहा है कि बजट से पूर्व अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ प्री बजट कन्सलटेशन बैठक की जा रही है।
—— मनोहरलाल, सीएम, हरियाणा

आज के आयोजन

- प्रातः 10 बजे : दिव्यांगों के हितार्थ सक्षम का जिला अधिवेशन एचबीटीयू में, सांसद व मंडलायुक्त अतिथि।
- प्रातः 10 बजे : न्यू स्टार क्लब की चतुर्थ राज्यस्तरीय वॉलीवाल प्रतियोगिता का उद्घाटन रामगोपाल चौराहा जरौली फेस 2 में
- दिन 12 बजे : रेट्रो जिम का उद्घाटन किदवईनगर के ब्लाक में। यूपी के एडवोकेट जनरल व पूर्व मिस इंडिया अतिथि।
- दिन 1 बजे : चमनगंज शिफा आई सेंटर में नेत्रदानी सम्मान।
- दिन 1 बजे : मिक इंश्योरेंस ब्रोकर्स का उद्घाटन 80 फिट रोड पेट्रोल पंप के पास अशोक नगर।
- दिन 1.30 बजे : उड़ान एक आशा फाउंडेशन का माघ मेला गैंजेस क्लब में। ■ दिन 1.30 बजे : पिछड़ा वैश्य महाकुम्भ के संबंध में तैलिक साहू राठौर महासभा की बैठक वीएनएसडी शिक्षा निकेतन में।
- रात 8 बजे : आईएमए की सीएमई लॉफ्टी हॉल गैंजेस क्लब में।

पांच और जिंदगियों को लगी 'ठंड'

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।

ठंड से हाई ब्लड प्रेशर और मधुमेह पीड़ित ब्रेन स्ट्रोक की चपेट में आ रहे हैं। शुक्रवार को ब्रेन स्ट्रोक की चपेट में आये पांच लोगों की मौत हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में हो गयी। डाक्टरों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर और मधुमेह पीड़ितों के ब्रेन की नसों में खून का प्रवाह अवरुद्ध होने से मौत हुयी है।

ठंड में बढ़ी शुगर, बीपी ले रही जान

चकेरी निवासी 68 वर्षीय जिया लाल को सुबह सिर में अचानक तेज दर्द होने लगा। उसके बाद वह बेहोश हो गये। परिजनों ने उन्हें नर्सिंग होम में दिखाया तो डाक्टर ने ब्रेन स्ट्रोक बताते हुये हैलट भेज दिया। यहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसी तरह कल्याणपुर निवासी 68 वर्षीय हाकिम, नई सड़क निवासी 63 वर्षीय सरताज अली, काकादेव निवासी 72 वर्षीय विनीता और नौबस्ता निवासी 69 वर्षीय श्याम देव को बेहोशी की हालत में परिजन हैलट इमरजेंसी लेकर आये थे। डाक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुये जांच के बाद इलाज शुरु किया, लेकिन बचा नहीं सके।

डाक्टरों का कहना है कि सभी को ब्रेन स्ट्रोक पड़ा था। मेडिसिन विभाग के एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि हाई बीपी और मधुमेह पीड़ित गंभीर स्थिति में आ रहे हैं। विलंब से आने के कारण जान बचाना मुश्किल हो रहा है।

बादलों व तेज हवा से बढ़ी सर्दी

कानपुर (एसएनबी)। आसमान पर लगातार तीन दिनों से बादलों के रहने और रुक-रुककर बारिश होने के साथ शुक्रवार को हवा की गति बढ़ने से मौसम में ठंडक बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गत दिवस 3.8 किमी की गति से चली हवा शुक्रवार को 8.1 किमी की गति से चली, जिससे जनमानस को ठंड का अहसास होता रहा। बारिश 8.4 मिमी. रिकॉर्ड की गयी।

शुक्रवार को वैसे बारिश तो अधिक नहीं हुई किंतु सूर्यदेव की लुकाछिपी से तापमान बढ़ नहीं सका। उधर, आसमान पर बादलों का अंबार लगा रहने से अभी भी बारिश की संभावनाओं से मौसम विभाग इंकार नहीं कर रहा है। अधिकतम तापमान गत दिवस रहे 15.6 डिग्री से बढ़कर शुक्रवार को 18 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, वहीं न्यूनतम तापमान में लगभग एक डिग्री की बढ़त दर्ज हुई है। हवा ने जरूर दिशा बदलकर तेजी बढ़ा दी है। हवा दक्षिण पश्चिम दिशा को 8.1 किमी की गति से चलती रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत तीन दिनों में 65.6 मिमी. बारिश हुई है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी बादल हैं और बारिश भी संभव हो सकती है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में ओला गिरने के कारण ओलावृष्टि की संभावना यहां भी बनती दिख रही थी। हवा के रुझान से ओलावृष्टि फिलहाल नहीं हो सकी। आने वाले दिनों में आसमान खुलने के बाद एक बार फिर सुबह-शाम गलन का अहसास होना शुरू हो जायेगा।

केवाईसी अपडेट करने के नाम पर खाते से पार किये 50 हजार रुपये

कानपुर (एसएनबी)। बर्रा थानाक्षेत्र में शातिरों ने एक युवक को केवाईसी अपडेट करने का झांसा देकर उसके खाते से 50 हजार रुपये पार कर दिये। जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दी तहरीर

बर्रा दो निवासी राकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि विगत 14 जनवरी की दोपहर उनके मोबाइल पर एक अंजान नम्बर से फोन आया। फोन पर बोलने वाले युवक ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए कहा कि आपकी केवाईसी अपडेट करनी है, इसके लिये मैंने आप को एक लिंक भेजा है आप उस लिंक को फॉरवर्ड कर दीजियेगा। उनके कहने पर उन्होंने वह लिंक फॉरवर्ड कर दिया। इसके कुछ देर बाद फिर दूसरे नम्बर से एक लिंक भेजा और दूसरे नम्बर पर फॉरवर्ड करने को कहा। उन्होंने जैसे लिंक फॉरवर्ड किया। कुछ ही देर में उनके खाते से कई बार में पचास हजार रुपये निकल गये। जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में सूचना दी।

चेहरे पर हाथ फिराकर वृद्धा से जेवर व रुपये ले गई टप्पेबाज


हैलट में पुलिस को जानकारी देती टप्पेबाजी की शिकार वृद्धा। फोटो : एसएनबी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।

पुलिस की निष्क्रियता के चलते हैलट में सक्रिय एक महिला टप्पेबाज एक वृद्धा को लोन दिलाने का झांसा देकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गयी और उसके चेहरे पर हाथ फिराकर उसे बेहोश कर रुपये व जेवर लेकर फरार हो गयी। होश आने पर वृद्धा को जब लूटे जाने का पता चला तो वह हैलट पुलिस चौकी पहुंची। वहां समोसा खा रहे पुलिस कर्मी पहले तो उसका मजाक बनाते रहे, लेकिन जब उसके बेटे और बहू ने विरोध किया तो पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस इमरजेंसी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

हैलट इमरजेंसी के बाहर हुई घटना

बेटे को भर्ती कराने लायी थी, बाहर खड़ी थी

लोन दिलाने का झांसा देकर महिला अपने साथ ले गयी

कान के टॉप्स, पांच हजार रुपये और लॉकेट लेकर फरार

महाराजपुर थाना क्षेत्र के लालापुरवा गांव निवासी 70 वर्षीय श्रीमती शुक्रवार को बेटे ओम प्रकाश का उपचार कराने हैलट आयी थी। ओम प्रकाश के पैर में कई दिनों से दर्द हो रहा है। वृद्धा श्रीमती के साथ उसका छोटा बेटा प्रमोद व बहू प्रीति भी थी। प्रमोद और प्रीति मरीज ओमप्रकाश को लेकर इमरजेंसी के अंदर चले गये, जबकि वृद्धा श्रीमती बाहर खड़ी हो गयी। थोड़ी देर बाद उसके पास एक पैंतीस साल की महिला पहुंची। महिला ने वृद्धा से कहा कि वह उसे 85 हजार रुपये का लोन दिला देगी, जिससे उसके मरीज का आराम से उपचार हो जायेगा। वृद्धा ने बताया कि वह महिला की बातों में आ गयी तो वह उसे एक सुनसान स्थान पर ले गयी। वहां महिला ने उसके चेहरे पर हाथ फिराया तो वह बेहोश हो गयी। होश आया तो महिला गायब थी और उनके कान के टाले, पर्स में पड़े पांच हजार रुपये और सोने का लॉकेट भी गायब था। लूटे जाने का पता चलने पर वह इमरजेंसी पहुंची और बेटे प्रमोद को जानकारी दी। प्रमोद उसे लेकर हैलट चौकी पहुंचा तो वहां समोसा खा रहे पुलिस कर्मी वृद्धा का माखौल उड़ाने लगे। इस पर वृद्धा की बहू प्रीति उन पर भड़क गयी और बिना शिकायत दर्ज कराये ही जाने लगी। आला अधिकारियों से शिकायत के डर से पुलिस कर्मी वृद्धा के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि इमरजेंसी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है, महिला को जल्द ही पकड़ लिया जायेगा।

हिमस्खलन में बिराहिनपुर बलहापारा का जवान शहीद


घाटमपुर : जानकारी मिलने पर रोते-बिलखते परिजन व हिमस्खलन में शहीद हुआ जवान। फोटो : एसएनबी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
घाटमपुर।

लद्दाख के कारगिल में सेना की चौकी पर तैनात पतारा के बिराहिनपुर बलहापारा निवासी जवान के हिमस्खलन में शहीद होने की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जिन्हें सांत्वना देने वालों का तांता दिनभर लगा रहा।

हादसे की जानकारी मिलने पर परिजनों में मचा कोहराम

शहीद हुए सैनिक धर्मेंद्र सिंह (42) अपने पिता के दो पुत्रों में छोटा पुत्र था। धर्मेंद्र सिंह उर्फ बब्लू का थल सेना में 1999 में हवलदार के पद पर चयन हुआ था। परिजनों के मुताबिक जो पिछले साल से लद्दाख क्षेत्र में ही तैनात थे। शहीद धर्मेंद्र सिंह की शादी 2002 में सुनीता सिंह निवासी हरीपुर रायबरेली के साथ हुई थी, जिनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा उत्कर्ष सिंह 16, छोटा बेटा राजवर्धन सिंह है। दोनों बच्चे चंडीगढ़ के स्कूल में पढ़ने के साथ हास्टल में रहते हैं। पत्नी सुनीता सिंह अपनी सास के साथ रहती हैं। शहीद हुए जवान के बड़े भाई अर्जुन सिंह ने बताया कि उन्हें गुरुवार की रात 9 बजे सैनिक भाई की मौत की खबर समाचार के माध्यम से मिली। शनिवार को उनका शव गांव आने की उम्मीद जतायी जा रही थी।

मेडिसिन अपडेट में प्राचार्य समेत 4 के शोधपत्र प्रकाशित

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।

आगरा में हुए एसोसिएशन फिजीशियन ऑफ इंडिया के वार्षिक अधिवेशन में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के संकाय सदस्यों एवं जूनियर रेजीडेंटों ने प्रतिभाग कर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये। इसमें प्राचार्य प्रो. आरती लालचंदानी, डॉ. रिचा गिरी, डॉ. प्रेम सिंह और डॉ. एसके गौतम के शोध पत्रों का प्रकाशन एसोसिएशन ने अपने मेडिसिन अपडेट में किया है। क्विज प्रतियोगिता में डॉ. सक्षम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी शुक्रवार को प्राचार्य समेत मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. रिचा आदि ने पत्रकारों से वार्ता में दी।


मेडिसिन विभाग में पत्रकारों से वार्ता करतीं प्राचार्या डॉ. आरती लाल चंदानी, डॉ. रिचा गिरी, डॉ. जेएस कुशवाहा व अन्य। फोटो : एसएनबी

प्राचार्य प्रो. आरती लालचंदानी ने बताया कि रिम्यूटिक हार्ट डिजीज में अजीथ्रोमाइसिन दवा के प्रयोग पर भेरे शोध पत्र को प्रकाशित किया गया है, वहीं मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. रिचा ने हायपरस्थीराडिस्म पर विस्तृत व्याख्यान दिया और शोध पत्र भी पेश किया। इसका प्रकाशन भी अपडेट में प्रमुखता से किया गया है। डॉ. प्रेम सिंह ने पेप्टिक अलसर डिजीज पर व डॉ. एसके गौतम ने अल्कोहल के लिवर पर होने वाले दुष्प्रभाव एवं इलाज पर व्याख्यान दिया और इसी का शोध पत्र भी पेश किया, जो प्रकाशित किये गये हैं। इसके अलावा छह जूनियर रेजीडेंटों ने अपने शोध पत्रों को पोस्टर के रूप में पेश किया।

राष्ट्रीय क्विज में डॉ. सक्षम ने पाया चौथा स्थान

डॉ. कुनाल सहाय को एफआईसीपी अवार्ड से किया गया सम्मानित

इस अवसर पर डॉ. कुनाल सहाय को एफआईसीपी अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. बृजेश कुमार ने डेंगू बुखार पर व्याख्यान दिया और बाद में डॉ. कुनाल सहाय, डॉ. एसके गौतम के साथ जज की भूमिका निभाई। मेडिसिन के डॉ. सक्षम पाण्डेय ने राष्ट्रीय क्विज में चौथा स्थान प्राप्त कर मेडिकल कॉलेज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

किशोरी के अपहरण का मामला पुलिस ने किशोरी की करायी मेडिकल जांच

कानपुर (एसएनबी)। चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां से अपहृत हुई किशोरी को गुरुवार को जाजमऊ स्थित बुढ़िया घाट से बरामद किया था। किशोरी ने 112 नम्बर अपने अपहरण की सूचना दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी के बयान कलमबद्ध किये और फिर उसका मेडिकल कराया। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सनिगवां निवासी किशोरी को विगत 22 दिसम्बर को इलाके में रहने वाला शमशाद उर्फ मटरू अगवा कर ले गया था, जिसके बाद किशोरी को उसने जाजमऊ स्थित बुढ़िया घाट अपने ननिहाल में बंधक बनाकर रखा था जिसकी निगरानी के लिए शमशाद ने अपनी मां को लगा रखा था। गुरुवार शाम किशोरी ने किसी प्रकार मोबाइल से 112 नम्बर पर सूचना दी। हरकत में आयी चकेरी पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। साथ ही शमशाद की मां को भी हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। सनिगवां चौकी प्रभारी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

टेक सॉल्यूशन आइडिया को आकार देगा आईआईटी का 'उद्भव-20'

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।

आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर (एसआईआईसी) के तत्वावधान में 22 जनवरी को आयोजित किया जा रहा इनोवेशन फेस्टिवल 'उद्भव-20' कार्यक्रम युवाओं व उद्यमियों की टेक सॉल्यूशन आइडिया का आकार देगा। इस कांटेस्ट में भागादारी के लिए कांसेप्ट नोट व प्रपोजल सब्मिशन शनिवार (18 जनवरी) तक किया जा सकता है। चयनित बेस्ट आइडिया को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता के साथ ही मेंटरिंग सुविधा भी प्रदान की जायेगी।

इनोवेटिक प्रस्ताव दाखिल करने का अंतिम दिन आज

'उद्भव-20' में भागीदारी के लिए कोई भी युवा व्यक्तिगत रूप से या स्टार्टअप्स की तरफ से प्रस्ताव दिये जा सकते हैं। टेक सॉल्यूशन प्रस्ताव एग्रीकल्चर, हेल्थ केयर, स्मार्ट मैटेरियल, लाइवलीहुड, वाटर एंड सेनिटेशन, ग्रीन टेक्नोलॉजी, एजुकेशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, बायो टेक्नोलॉजी तथा इंफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के समाधान से संबंधित होने चाहिए। यह आयोजन संस्थान के बीएसबीई सेमिनार हॉल में रखा गया है।

कांटेस्ट में चयनित प्रथम तीन विजेताओं को क्रमशः ₹ 50, 20 व 10 हजार नकद के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। बेस्ट आइडिया को आईआईटी कानपुर के एसआईआईसी में संचालित विभिन्न ग्रांट योजनाओं के लिए भी इंटरनल इवैल्यूएशन राउंड में शामिल किया जायेगा। विशेषज्ञों द्वारा यदि प्रस्ताव चयनित किये जाते हैं तो संबंधित आइडिया के प्रस्तावकों के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता भी दिलाने का प्रयास किया जायेगा। एसआईआईसी में संचालित प्रिज्म योजना के तहत ₹ 20 लाख तक, इनोवेशन फेलोशिप के तहत 12 माह तक ₹ 50 हजार प्रतिमाह की फेलोशिप व बीआईजी (बिग) योजना से ₹ 50 लाख तक ग्रांट का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है।

नेत्र सर्जन व साहित्यकार विनोद त्रिपाठी का निधन

कानपुर। वरिष्ठ नेत्र सर्जन व साहित्यकार डॉ. विनोद त्रिपाठी का हृदयगति रुकने से शुक्रवार को निधन हो गया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के 1967 बैच के छात्र डॉ. विनोद त्रिपाठी ने एक कुशल नेत्र सर्जन के तौर पर काम किया। साथ ही वह जाने माने कवि व साहित्यकार भी थे। उन्होंने गंगापुत्र भीष्म, राष्ट्रपताका, डॉ. विनोद का हास्यपटल, गीत गंगा और बांसुरी प्रेम सहित एक दर्जन से अधिक पुस्तकें लिखीं।

सुभाष चिल्ड्रेन होम से भागे किशोरों को पुलिस ने पकड़ा

कानपुर। सुभाष चिल्ड्रेन होम के प्रबंधक कमल कांत ने बताया कि गुरुवार देर रात करीब 12 बजे दस वर्षीय शिवा, राजीव व आठ वर्षीय रवि पहली मंजिल स्थित कमरे की खिड़की खोलकर रस्सी के सहारे नीचे कूदकर भाग निकले। धमक सुनकर गार्ड विनय ने शोर मचाया। कर्मचारी तीनों बच्चों की तलाश में निकले और पुलिस कन्ट्रोल रूम में सूचना दी। तीनों बच्चे किदवई नगर चौराहे पर पहुंचे ही थे कि कर्मचारियों ने उन्हें पकड़ लिया।

बाबूपुरवा में अधेड़ का हाथ कटा मिला शव

कानपुर। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र स्थित टुनटुनिया फाटक के पास गुरुवार लोगों ने पानी से भरे एक गड्ढे में 55 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा देखा। शव का एक हाथ भी गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो एक डायरी मिली। पुलिस ने डायरी में लिखे एक मोबाइल नम्बर पर फोन किया तो वह मृतक के भाई उत्तराखंड निवासी सुशील को मिला। पुलिस ने जब उसे जानकारी दी तो उसने अपनी भाभी प्रेमा को बताया। प्रेमा मौके पर पहुंची तो देखा कि शव उसके पति त्रिभुवन उर्फ राजू का था।

कुलपति ने किया बीएससी नर्सिंग परीक्षा का निरीक्षण

कानपुर। सीएसजेएमयू कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता शुक्रवार को अचानक परिसर में चल रही बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंच गईं। कुलपति ने बारीकी से विभिन्न परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया।

दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, 17 मोबाइल बरामद

कानपुर (एसएनबी)। नौबस्ता पुलिस ने गुरुवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान दो शातिर मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में अभियुक्तों के पास से 17 विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल बरामद किये हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने किदवई नगर, नौबस्ता, समेत कई इलाकों में मोबाइल लूट की बात स्वीकार की है। नौबस्ता थानाप्रभारी आशीष शुक्ला गुरुवार देर शाम पुलिसबल के साथ निजाम चौराहे के पास चेकिंग कर रहे थे तभी दो युवकों को आता देख पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। अभियुक्तों ने अपना नाम कल्याणपुर निवासी हंसदेव व बर्रा निवासी रमन बताया।

तैयार किया ग्रीनपार्क, पर मैच होगा कमला क्लब में

कानपुर (एसएनबी)। अंधेर नगरी चौपट राजा, यह कहावत यूपीसीए पर कूच बिहार ट्रॉफी मैच के मामले में पूरी तरह से चरितार्थ हो रही है। हास्यास्पद है कि यूपी व दिल्ली के बीच मैच कराने के लिए यूपीसीए ग्रीनपार्क तैयार कराता रहा। जबकि शनिवार से मैच कमला क्लब मैदान पर होगा।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में पदाधिकारियों के बीच आपसी खींचतान किस कदर चल रही है, यह कूच बिहार ट्रॉफी मैच को लेकर पूरी तरह से झलक गया। मेजबान यूपी व दिल्ली के बीच शनिवार से कूच बिहार ट्रॉफी का मैच खेला जाना है। यूपी के लिहाज से इस अहम मैच को कराए जाने के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ग्रीनपार्क को तैयार किया जा रहा था। विकेट पर रोलिंग कराई जाती रही। पिछले दो दिन से बारिश के चलते मैच में किसी तरह का व्यवधान न पड़े, इसके लिए पूरे मैदान व पिच को कवर से ढक भी दिया गया था। यूपीसीए के कर्मचारी भी ग्रीनपार्क में टीमों के लिए ड्रेसिंग रूम तैयार करने में जुटे थे। मीडिया के लोगों को भी यही बताया जाता रहा कि मैच के लिए तैयारियों पूरी हो गईं हैं, लेकिन मैच रैफरी के आते ही अचानक सब पलट गया। यूपीसीए से जुड़े सुत्रों के मुताबिक मैच से पूर्व ग्राउण्ड संबंधी रिपोर्ट बीसीसीआई को देने के लिए मैच रेफरी एक दिन पहले ही पहुंच जाते हैं, सो इस मैच के रेफरी फजल मोहम्मद भी यूपीसीए आफिस पहुंचे व कमला क्लब मैदान दिखाने को कहा, लेकिन यूपीसीए के लोगों द्वारा बताया गया कि मैच तो ग्रीनपार्क में होना है, वहीं तैयारियां की गईं हैं। यह सुन मैच रेफरी हतप्रभ रह गए। उन्होंने यूपीसीए के सीईओ दीपक शर्मा को बताया गया कि बीसीसीआई द्वारा जारी फिक्सचर के मुताबिक कूच बिहार ट्रॉफी का मैच तो कमला क्लब में होना है। क्या ग्रीनपार्क में मैच कराने के लिए बीसीसीआई से स्वीकृति ले ली गई है। मैच रेफरी के इस सवाल पर सीईओ व अन्य पदाधिकारियों की नींद खुली। तब पता चला कि तैयारी तो ग्रीनपार्क में की जाती रही, लेकिन इस बावत न तो किसी जिम्मेदार ने बीसीसीआई को पूर्व में सूचित ही किया और न ही कोई अनुमति ली। बस तब क्या था अपनी सीईओ दीपक शर्मा अपनी गलती पर पर्दा डालने में जुट गए। आननफ्फानन में सीईओ दीपक शर्मा खुद ही मैच रैफरी फजल मोहम्मद को अपनी कार से लेकर ग्रीनपार्क पहुंचे। रेफरी को पवेलियन तक लाया गया वह मैदान पर आए भी नहीं। मीडिया कर्मी फोटो खींचने के लिए अंदर आने को हुए तो उन्हें भी रोक दिया गया। बाद में ग्रीनपार्क के कर्मियों से कहा गया कि यहां पानी के कारण मैदान ठीक नहीं है। लिहाजा मैच कमला क्लब में स्थानांतरित कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक मेरठ व दिल्ली में बैठे यूपीसीए के पदाधिकारियों को भी यही जानकारी दी गई की मैदान कई जगह पर ज्यादा गीला है, लिहाजा मैच कमला क्लब में स्थानांरित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह थी कि मैच आवंटित ही कमला क्लब के लिए किया गया था। इस संबंध में यूपीसीए सचिव युद्धवीर सिंह कुछ स्पष्ट नहीं कर सके।

यूपीसीए- अंधेर नगरी चौपट राजा

कूच बिहार ट्रॉफी मैच

इस मामले में जब मैच रैफरी फजल मोहम्मद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैच तो पहले ही कमला क्लब में तय था, लेकिन यूपीसीए मैच ग्रीनपार्क में कराना चाहता था। शुक्रवार को ग्रीनपार्क मैदान गीला होने की जानकारी दी गई। मैने वहां जाकर कवर देखे, इसके बाद मैनें बीसीसीआई द्वारा तय मैदान पर ही मैच करवाने के लिए लेकर दोनों टीम के कप्तान, अम्पायर व यूपीसीए के लोगों से बात की।